an>

Title: Need to check illegal sand-mining in rivers of Fatehpur and Hamirpur districts of Uttar Pradesh.

साध्वी निरंजन ज्योति (फतेहपुर) : उत्तर प्रदेश के फतेहपुर एवं हमीरपुर जनपदों में पड़ने वाली नदियों से पट्टाधारकों द्वारा पोकलैंण्ड एवं लिफ्टर से भारी मात्रा में मौरंग का अवैध खनन स्थानीय अधिकारियों की मिलीभगत से हो रहा है। जिसके कारण नदियों का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। लगातार मशीनों के चलने के कारण प्रदूषण बढ़ रहा है। नदियों में रहने वाले जलीय प्राणी व पक्षी प्रदूषण के कारण असमय मौत के शिकार हो रहे हैं। अवैध खनन के कारण क्षेत्र की जनता को समय-समय पर प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। विगत कई वर्षों से क्षेत्र में कई स्थानों पर जमीन फटने जैसी अप्राकृतिक घटनाएं घट चुकी हैं। पट्टाधारकों द्वारा खनन मानकों का खुला उल्लंघन किया जा रहा है। मशीनों द्वारा किए जा रहे अवैध खनन को रोकने की तुरंत आवश्यकता है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से विनम्र अनुरोध है कि सरकार द्वारा सख्ती के साथ चिन्हित स्थानों पर मानकों के अनुसार सभी सुरक्षा उपायों के साथ तय पट्टे की जगह पर ही मौरंग खनन कार्य कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।